# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन एंव वन्य जीव प्रभाग, हरदोई।

पत्रांक 636 /14–1(एन0एच0–330डी) हरदोई दिनांक– 20-8-2022

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0 प्र0, लखनऊ।

**विषयः–** **जनपद हरदोई के अन्र्तगत सीतापुर–प्रतापनगर–कुर्रियन(एन.एच.–330 डी) मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण से प्रभावित संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी प्रयोग व बाधक वृक्षो के पातन की अनुमति के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

विषयांकित पत्र के कम मे निवेदन के साथ अवगत कराना है कि जनपद हरदोई के अन्र्तगत एन0एच0 डिवीजन, लोक निर्माण विभाग, कानपुर द्वारा सीतापुर–प्रतापनगर–कुर्रियन(एन.एच.–330 डी) मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढीकरण से प्रभावित 8.280 हे0 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी प्रयोग व 1200 बाधक वृक्षो के पातन की अनुमति हेतु आनलाइन प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित संरक्षित वन भूमि के बदले दो गुने क्षेत्र मे क्षतिपूरक वनीकरण हेतु अवनत वन भूमि (रिक्त भूमि) इस प्रभाग मे उपलब्ध नही है।

अतः अनुरोध है कि उक्त प्रस्ताव की क्षतिपूरक वनीकरण हेतु 16.560 हे0 अवनत वन भूमि उपलब्ध कराने हेतु लैण्डबैक के अनुसार सम्बन्धित वन प्रभाग को निर्देशित करने की कृपा करे, जिससे क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्राप्त अवनत वन भूमि के जियो रिफरेन्स डिजिटल मानचित्र, सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट मैप, जियो काडिनेटस्, के0एम0एल0 फाइल तैयार कराये जाने हेतु प्रस्तावक विभाग को अवगत कराया जा सके।

भवदीय,

(रविशंकर शुक्ल)
प्रभागीय निदेशक,
सा0 वा0 वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

**पत्रॉक–636/उक्त दिनॉकित**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को उक्त के कम मे सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र एंव चित्रकूट वन प्रभाग को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि यदि आपके वन प्रभाग मे क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु अवनत वन भूमि उपलब्ध है तो प्रस्तावित अवनत भूमि (जिसका वानस्पितिक घनत्व 0.4 से कम हो) अपने वन प्रभाग के अन्र्तगत चिन्हित कर वृक्षारोपण हेतु उपयुक्तता प्रमाण पत्र, न्यनतम 1000 पौध/हे0 की दर से क्षतिपूरक वृक्षारोपण एंव 10 वर्षो तक अनुरक्षण सहित प्राक्कलन तथा जियो रिफरेन्स डिजिटल मानचित्र, सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट मैप, जियो काडिनेटस्, के0एम0एल0 फाइल हरदोई वन प्रभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
3. अधिशाषी अभियन्ता, एन0एच0 डिवीजन, लोक निर्माण विभाग, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध जी.पी.एस. पालिगॉन के अनुसार प्रस्तावित स्थल का जियो रिफरेन्स डिजिटल मानचित्र, सर्वे ऑफ इण्डिया टोपोशीट मैप, जियो काडिनेटस्, के0एम0एल0 फाइल 05 प्रतियो मे इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

20/8/22

(रविशंकर शुक्ल)
प्रभागीय निदेशक,
सा0 वा0 वन एंव वन्य जीव प्रभाग,
हरदोई।

D:\FCA 1980\Sitapur- Partap Nagar NH-330 D\Survey Letter.doc